हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 75 देहरादून, सोमवार, 09 सितंबर, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



'मुझे मेरे जनपद में एक भी बच्चा भिक्षावृत्ति करता न दिखे' : डीएम 3

# धामी सरकार ने खोला नौकरी का पिटारा, 4400 पदों पर इसी माह से भर्ती

## 16 हजार से ज्यादा युवाओं को धामी सरकार में अब तक मिल चुकी रिकॉर्ड नौकरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 सितंबर , उत्तराखंड में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। सरकार 11 विभागों में रिक्त समूह ग के 4405 पदों पर इसी माह भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने 15 सितंबर से आवेदन से लेकर परीक्षा और परिणाम का शेड्यूल जारी करने का निर्णय लिया है। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार अब तक 16 हजार से ज्यादा नौकरी देने का भी रिकॉर्ड बना चुकी है।

राज्य में बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने में पुष्कर सिंह धामी सरकार सबसे धाकड़ साबित हो रही है। सरकार ने महज तीन साल के भीतर 16 हजार युवाओं को विभिन्न विभागों में नौकरी देने का रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा राज्य बनने के 23 साल में किसी सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा नौकरी मिलने में बड़ा है। नौकरी में पारदर्शिता रहे, इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ने युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। अभी भी सरकार यूकेएसएसएससी, यूकेपीएससी, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड आदि के मार्फत नौकरी दिलाने की प्रक्रिया में जुटी है। इसमें पुलिस दरोगा समेत शिक्षकों के सैकड़ों पदों पर वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। इसी क्रम में धामी सरकार ने राज्य के करीब 11 विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती करने का सिलसिला जारी रखने का निर्णय लिया है।





- आयोग 11 विभागों में रिक्त पदों के लिए 15 सितंबर से शुरू करेगा भर्ती प्रकिया
- पुलिस, वन आरक्षी समेत इंटर और स्नातक स्तरीय पदों पर मिलेगी नौकरी
- आवेदन से लेकर परीक्षा और परिणाम जारी करने के शेड्यूल बनाने में जुटा है आयोग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूकेएसएसएससी के द्वारा स्वीकृत अधियाचन वाले पदों पर पारदर्शिता और समय सीमा के भीतर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने बताया कि 11 विभागों से करीब 4405 रिक्त पदों पर भर्ती के अधियाचन स्वीकृत हुए हैं। आयोग ने इन रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती की तैयारी पूरी कर ली है। इस माह के 15 सितंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगा। साथ ही परीक्षा तिथि से लेकर परिणाम का शेड्यूल भी जारी कर दिया जाएगा। आयोग के अध्यक्ष मर्तोलिया ने कहा कि आयोग द्वारा संपादित की जा चुकी भर्ती तय शेड्यूल से रिकॉर्ड समय में संपन्न हुई हैं। आयोग का प्रयास रहता कि परीक्षा से लेकर परिणाम समय पर जारी हो। आगे भी पारदर्शिता और समय सीमा पर रिक्त पदों की भर्ती कराई जाएगी।

**युवाओं को इन पदों पर मिलेगी नौकरी**

आयोग के अनुसार 15 सितंबर से पुलिस आरक्षी के 2000, वन आरक्षी के 700, इंटर स्तरीय सींचपाल, कनिष्ठ सहायक, राजस्व सहायक, मेट, कार्य पर्यवेक्षक के 1200, वैयक्तिक सहायक के 280, वैज्ञानिक सहायक के 50, स्नातक स्तरीय 50, सहायक विकास अधिकारी के 40, वाहन चालक 25, लाइब्रेरियन के 10, प्राईमरी शिक्षक एसटी के 15, आईटीआई विभिन्न ट्रेड के 35 पदों पर भर्ती होनी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा - राज्य गठन के 23 सालों के भीतर युवाओं को समय पर रिकॉर्ड नौकरी मिली हैं। करीब 16 हजार युवाओं को अब तक नौकरी मिल चुकी हैं। खुद मेरे द्वारा युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। हमारी सरकार द्वारा राज्य में देश का सबसे सख्त नकलरोधी कानून बनाने के बाद प्रतिभावान युवाओं को चार-चार नौकरी मिल रहीं हैं। पहले नकल माफियाओं द्वारा नौकरी का सौदा कर दिए जाने से एक ही परिवार के सदस्यों को चार-चार नौकरी मिलती थी। हमने संकल्प लिया कि उत्तराखंड के हितों और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीएम धामी ने माँ नन्दा-सुनन्दा महोत्सव-2024 के शुभारंभ पर कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से नैनीताल में आयोजित माँ नन्दा-सुनन्दा महोत्सव-2024 के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को नन्दा महोत्सव-2024 की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माँ नन्दा-सुनन्दा सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों की मनोकामनाओं को पूर्ण करें तथा सदैव कृपा बनाये रखें।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पारंपरिक मेले हमें हमारी संस्कृति के साथ अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के पौराणिक मेलों का संरक्षण करते हुए नए आयामों को जोड़कर भव्यता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ की भूमि से कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## लोगों को साक्षर बनाने के लिए प्रयास करने वालों का सम्मान

ऋषिकेश। विश्व साक्षरता दिवस पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रविवार को लोगों को साक्षर बनाने के लिये प्रयास करने वाले विभिन्न संस्थानों के संचालकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि किसी को साक्षर बनाना सबसे बड़े परोपकारों में से एक है। बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में विश्व साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सेतु फाउंडेशन की संस्थापिका सरिता भट्ट, हरिपुरकलां के राजन बडोनी, गीतानगर के जयपाल त्यागी, मायाकुंड के अजयदास, ऋषिकेश के मुकेश अग्रवाल, वीपी भारद्वाज, रायवाला के आशु सैनी, अभिषेक पठोयी को शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सभी लोग विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से लोगों को साक्षर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि यूनेस्को ने वर्ष 1966 में अपने 14वें आम सम्मेलन के दौरान आधिकारिक तौर पर आठ सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में घोषित किया।

## मुख्यमंत्री ने हिमालय दिवस पर दी प्रदेशवासियों को शुभकामना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिमालय के संरक्षण के लिये सामुहिक प्रयासों की जरूरत बतायी है। उन्होंने कहा कि हिमालय हमारी पहचान, संस्कृति और जीवन रेखा है। हिमालय न केवल भारत बल्कि विश्व की बहुत बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। यह हमारा भविष्य एवं विरासत दोनों है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से हिमालय को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में सामाजिक विकास की आवश्यकता के दृष्टिगत हमें इकॉलोजी एवं इकोनॉमी में समन्वय के साथ कार्य करना होगा। हमारी पीढ़ियों के लिये हिमालय की सुंदरता तथा जैव विविधता को संरक्षित रखना हमारा दायित्व है। हिमालय हमारे जीवन से जुडा विषय होने के नाते इसके संरक्षण का दायित्व हम सभी का है।

- हिमालय की सुन्दरता तथा जैव विविधता को संरक्षित रखना हमारा दायित्वः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय का किसी राज्य व देश के लिये ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिये महत्व है। हिमालय के संरक्षण के लिये यहाँ की संस्कृति, नदियों व वनों का संरक्षण जरूरी है। प्रकृति के संरक्षण के लिये हिमालय का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखण्डवासियों के स्वभाव में है, हरेला जैसे पर्व, प्रकृति से जुड़ने की हमारे पूर्वजों की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे बुग्याल भी हिमालय की अनमोल धरोहर है। बुग्यालों के संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए राज्य में प्रतिवर्ष 02 सितम्बर को बुग्याल संरक्षण दिवस के रूप में आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण में हो रहे बदलावों, ग्लोबल वार्मिंग के साथ ही जल, जंगल, जमीन से जुड़े विषयों पर समेकित चिंतन की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि सामाजिक चेतना तथा समेकित सामूहिक प्रयासों से ही हम इस समस्या के समाधान में सहयोगी बन सकते हैं।

# अनोखा जॉब ऑफर : 8 घंटे सोने के लिए मिलेंगे 10 लाख रुपये, ऐसे करें अप्लाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 सितम्बर : हर किसी की ख्वाहिश होती है कि उसकी ड्रीम जॉब लग जाए, ताकि वो अपनी लाइफ मजे से जी सके. वैसे, बहुत कम लोगों को ही ऐसी नौकरी नसीब होती है. लेकिन इन दिनों एक ऐसे जॉब ऑफर की चर्चा जोरों पर है, जो बहुतों के लिए ड्रीम जॉब हो सकती है. मजे की बात तो ये है कि इसमें आपको कोई काम भी नहीं करना है, बल्कि कंपनी आपको चैन की नींद लेने के लिए 10 लाख सैलरी देने को तैयार है. आइए विस्तार से जानते हैं इस अनोखे जॉब ऑफर के बारे में.

यह दिलचस्प जॉब ऑफर इंडियन होम एंड स्लीप सॉल्यूशन ब्रांड Wakefit लेकर आया है, जो उन लोगों के लिए काफी आकर्षक हो सकती है, जो नींद का आनंद लेते हैं. वेकफिट ने 'स्लीप इंटर्नशिप' शुरू की है, जिसके लिए कंपनी आपको 10 लाख रुपये तक देने को तैयार है.इंटर्नशिप की शर्तें भी काफी दिलचस्प हैं. इसके तहत सिलेक्टेड कैंडिडेट को रोजाना 8-9 घंटे की नींद लेनी होगी और दिन में 20 मिनट की झपकी लेना भी इंटर्नशिप का हिस्सा है. इसके साथ ही आपको फ्री में एक गद्दा उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर आपको केवल और केवल चैन की नींद लेनी है.इस जॉब को पाने के लिए आपको हाईली क्वालिफाइड होने की भी जरूरत नहीं है. कंपनी का कहना है कि आपको बस नींद प्यारी होनी चाहिए. चुने गए इंटर्न को 1 लाख रुपये मिलेंगे और स्लीप चैंपियन बनने पर 10 लाख तक मिल सकते हैं. तो है न कमाल का ड्रीम जॉब !

आप वेकफिट की वेबसाइट या ब्रांड के लिंक्डइन प्रोफाइल पर भी जाकर आवेदन कर सकते हैं. इस ऑफर का एक पहलू यह भी है कि यह एक मार्केटिंग स्टंट हो सकता है, जिसका उद्देश्य लोगों का ध्यान खींचना है. कंपनियां अक्सर अपने प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के क्रिएटिव कैंपेन का उपयोग करती हैं.



# एमएससीआई ईएम आईएम सूचकांक में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 सितंबर , मॉर्गन स्टेनली ने घोषणा करते हुए कहा कि एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य सूचकांक (इमर्जिंग मार्केट्स इन्वेस्टेबल मार्केट इंडेक्स, एमएससीआई ईएम आईएमआई) में भारत ने अपने भारित मूल्य के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। एमएससीआई ईएम आईएमआई में भारत का भार चीन के 21.58 प्रतिशत की तुलना में 22.27 प्रतिशत रहा।




एमएससीआई आईएमआई में 3,355 स्टॉक शामिल हैं, जिसमें बड़ी, मध्यम और छोटी कैप कंपनियाँ शामिल की जाती हैं। यह उभरते बाजारों वाले 24 देशों के स्टॉक को कवर करता है और प्रत्येक देश में निवेशकों के लिए उपलब्ध लगभग 85 प्रतिशत (फ्री फ्लोट एडजस्टेड) बाजार पूंजीकरण को कवर करने का लक्ष्य रखता है। मुख्य एमएससीआई ईएम सूचकांक (मानक सूचकांक) में बड़ी और मध्यम कैप कंपनियां शामिल होतीं हैं, वहीं आईएमआई को बड़ी, मध्यम और छोटी कैप स्टॉक के साथ अधिक व्यापक बनाया गया है। एमएससीआई आईएमआई में चीन के मुकाबले भारत का अधिक भार, छोटी-कैप की अधिक भारित क्षमता के कारण है।

पुनर्संतुलन व्यापक बाजार रुझानों को दर्शाता है। चीन में विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के कारण चीन के बाजार संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत के बाजारों को अनुकूल व्यापक आर्थिक स्थितियों से लाभ हुआ है। हाल के दिनों में, भारत ने देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के साथ-साथ भारतीय कॉरपोरेट्स के शानदार प्रदर्शन के बल पर इक्विटी बाजार में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, भारतीय इक्विटी बाजार में लाभ का व्यापक आधार है, जो बड़े कैप के साथ-साथ मध्यम-कैप और छोटे-कैप सूचकांकों में भी दिखाई पड़ता है। इस सकारात्मक रुझान में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में शामिल हैं - 2024 की शुरुआत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 47 प्रतिशत की वृद्धि, कच्चे तेल की कीमतों में कमी और भारतीय ऋण बाजारों में पर्याप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) ।

परिणामस्वरूप, एमएससीआई अपने सूचकांकों में भारतीय शेयरों का सापेक्ष भार बढ़ा रहा है। एमएससीआई ईएम आईएमआई के अलावा, यह तथ्य एमएससीआई ईएम सूचकांक में भी चीन के भार में सापेक्ष गिरावट के साथ-साथ भारत के भार में वृद्धि से स्पष्ट है। मार्च-2024 से अगस्त-2024 के दौरान, एमएससीआई ईएम में भारत का भार 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया, जबकि इसी अवधि में चीन का भार 25.1 प्रतिशत से घटकर 24.5 प्रतिशत हो गया।

विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार, एमएससीआई ईएम आईएमआई में हुए इस बदलाव के बाद भारतीय इक्विटी में लगभग 4 से 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रवाह दिखाई दे सकता है। आर्थिक वृद्धि एवं विकास के लिए अपेक्षित निवेश की अपनी गति को बनाए रखने के लिए, भारत को घरेलू एवं विदेशी, दोनों स्रोतों से पूंजी की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, वैश्विक ईएम सूचकांकों में भारत के भार में वृद्धि का सकारात्मक महत्व है।

## तीसरे दिन खुला बार्डर हाईवे, आवाजाही हुई शुरू

चमोली। जोशीमठ नगर से लगभग 35 किलोमीटर आगे नीती मलारी बार्डर हाईवे तीसरे दिन यातायात के लिए खुल गया है। बीते शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे पहाड़ी टूटने के कारण हाईवे बंद हो गया था। सड़क खुलने के बाद दोनों और पिछले तीन दिनों से फंसे दर्जनों वाहन आर पार हुए। बता दें कि लाता से 2 किलोमीट आगे बार्डर हाईवे में पहाड़ी का एक बड़ा भाग टूटकर आ गया था। शुक्रवार सुबह लगभग 6 बजे यहां पर पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूटा जिसके बाद बीआरओ ने अपनी मशीनों की सहायता से शुक्रवार पूरे दिन यहां पर बोल्डर हटाने का काम जारी रखा। कुछ सड़क साफ भी हो गई थी कि शनिवार को दोहपर में एक बार फिर से यहां पर पहाड़ी टूटने के कारण सड़क शनिवार को भी बहाल नहीं हो सकी। जिसके बाद बीआरओ ने दोनों ओर से मशीने लगाकर पहाड़ी से आये बोल्डरों को तोड़ना शुरू किया व यहां पर बड़ी-बड़ी चट्टानों को हटाने के लिए कुछ कन्ट्रोल ब्लास्टिंग भी की गई। जिसके बाद रविवार शाम पौने चार बजे लगभग यहां पर बीआरओ ने वैकल्पिक रूप से सड़क को सुचारू कर वाहनों की आवाजाही शुरू करवा दी है। सूकी भलागांव के प्रधान लक्ष्मण बुटोला ने बताया कि सड़क खुलने के बाद नीती मलारी घाटी के 20 से अधिक गांव समेत बार्डर में सैन्य छावनियों की आवाजाही शुरू हो गई है। कहा कि अभी भी यहां पर सड़क काफी खराब स्थिति में है।

## बदरीनाथ यात्रा के लिए अलग एसओपी बनाई जाय

चमोली। धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन प्रकोष्ठ भाजपा के पूर्व प्रदेश संयोजक टीका मैखुरी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर होटल व्यवसाय और चारधाम से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान रात्रि को चलने वाले यात्री वाहन रात्रि 9 बजे से सुबह 4 बजे तक प्रतिबंधित किये जाए। ज्ञापन में यात्रा प्रारंभ के मई-जून में चारों धामों की परिस्थिति के अनुकूल यात्रियों की संख्या निर्धारित किए जाने और बद्रीनाथ यात्रा के लिए अलग एसओपी बनाई जाने की मागं की गई है।

## बाहरी ठेकेदारों का किया विरोध

चमोली। लोक निर्माण विभाग गौचर के पंजीकृत ठेकेदारों ने रविवार को बैठक आयोजित कर बाहरी ठेकेदारों का विरोध करने का निर्णय लिया। संघ के अध्यक्ष हरीश भंडारी की अध्यक्षता में ठेकेदारों ने कहा कि बड़ी निविदाओं के बजाय छोटी निविदाएं निकाली जाए तथा 10 लाख तक के निर्माण कार्यों को सिलेक्शन बांड पर करवाया जाए। बैठक में विभाग द्वारा निकाली गई निविदा का विरोध भी किया गया। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष दीपक रावत, विजय चमोला, महेंद्र रावत, कोषाध्यक्ष सुनील मिश्रा, योगेंद्र कंडवाल, महेश खाली, जयपाल राणा, अवतार पंवार, सते सिंह, पूरन रावत, प्रेम रावत, दिगपाल सिंह, महिपाल नेगी, बलबीर सिंह, भगवती प्रसाद आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा

पौड़ी। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था का आरोप लगाते हुए डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रविवार को प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। कहा कि आए दिन महिलाओं से छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे हैं। आरोप लगाया कि सरकार दोषी नेताओं को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदर्शन करने वालों में महिला जिलाध्यक्ष नीलम रावत, योगेंद्र कुमार, भरत सिंह नेगी, यशोदा नेगी, गोपाल आदि शामिल थे।

## नौ पशु स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की

पौड़ी। जिले के बाजारों, सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वाले पशुस्वामियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। पुलिस ने अभी तक जिले में 9 पशुस्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने जिलेभर में यह अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने बताया कि इन पशुओं से आए दिन यातायात अवरुद्ध होने व सड़क दुर्घटनाएं घटित होने की आशंका बनी रहती है। पशुओं को सड़कों में लावारिस छोड़ने पर थाना श्रीनगर, लक्ष्मणझूला और सतपुली में 2-2 थाना पौड़ी, देवप्रयाग और लैंसडौन में 1-1 पशुस्वामी के विरुद्ध उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम के चालानी कार्रवाई की है। बताया कि पौड़ी पुलिस द्वारा पशुओं को बाजारों, सड़कों में लावारिस छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीनगर में अलकेश्वर घाट पर चला स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। भागीरथी कला संगम संस्था के बैनर तले रविवार को अलकेश्वर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी तट और घाट पर फैले कूड़े का एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। इस मौके पर संस्था से जुड़े लोगों ने घाट पर स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। साथ ही लोगों को कूड़ा कूड़ेदान में ही डालने का आह्वान किया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने कहा कि घाटों और अपने घर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। कहा कि स्वच्छता के प्रति सभी को आगे आना चाहिए। इस मौके पर भगत सिंह बिष्ट, मुकेश नौटियाल, मदन गड़ोई, रमेश थपलियाल, भगवती प्रसाद पुरी, रवींद्र पुरी, पदविंदर रावत, संजय कोठारी, हरेंद्र तोमर, अजय तोमर, दिनेश लिंगवाल, रघुवीर सिंह रावत, दिनेश उनियाल सहित आदि मौजूद थे।

### औली जोशीमठ टैक्सी एसोसिएशन के लोगों ने ली हिमालय बचाने की शपथ

चमोली। जोशीमठ में रविवार को औली जोशीमठ कार एसोसिएशन के लोगों ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत हिमालय को प्रदुषण मुक्त रखने और हरा भरा बनाने की प्रतिज्ञा ली। जोशीमठ में टैक्सी एसोसिएशन के लोगों ने अपने कार्यालय के बाहर हिमालय के संरक्षण की शपथ ली साथ ही बाजार से गुजरने वाले लोगों को भी इस दिशा में प्रेरित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मेहरा और सचिव दीपक रावत के नेतृत्व में 30 से अधिक लोगों ने यह शपथ ली। अपने टैक्सी संचालकों को हिमलाय की सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए अध्यक्ष मनोज मेहरा ने कहा कि टैक्सी संचालकों के द्वारा भी हिमालय के संरक्षण एवं पॉलिथीन का प्रयोग न करने की मुहिम को और बल दिया जाना चाहिए। कहा कि अब से जोशीमठ के सभी टैक्सी संचालक पर्यटकों को प्लास्टिक कूडा खुले में न फैंकने, पहाड़ को वनाग्नि से बचाने, नदी नालों को प्रदुषित न करने के लिए भी प्रेरित करेंगे ताकि हिमालय से निकलने वाली नदी नाले प्रदुषित न हो सकें व यहां की धरती भी सुरक्षित रहे। शपथ लेने वालों में मनोज मेहरा, प्रदीप पंवार, दीपक रावत, लक्ष्मी प्रसाद, हरीश टम्टा, आशीष शाह, कोशलेष फरस्वांण आदि मौजूद रहे।

### सिमली में देवी के दर्शनों को उमड़े भक्त

चमोली। सिमली में राजराजेश्वरी चंडिका देवी की पूजा अर्चना के लिए रविवार को भक्तों की कतार लगी रही। देवी के पुण्य दर्शनों के लिए कर्णप्रयाग, सिमली सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे। बेनातोली देवी मंडप में पंचांग पूजा, सप्तशतीपाठ और सहत्रनामावली पाठ किया जा रहा है। पूजा अर्चना सिमली, सेनू, जाख, सुंदरगांव के प्रधानों एवं मालगुजारों बिरेंद्र लडोला, मुकेश नेगी, प्रताप बिष्ट, गजेंद्र सगोई व महिपाल सिंह के हाथों पं. गणेश खंडूड़ी, सत्यप्रसाद खंडूड़ी, महेंद्र गैरोला, संजय गैरोला, प्रियंक गैरोला, कांती गैरोला, थानेश्वर प्रसाद, प्रदीप गैरोला, कृष्णा गैरोला विधि विधान से करा रहे हैं।

# उत्तराखंड : 10वीं पास युवाओं के लिए 40 हजार पदों पर सरकारी नौकरी, ऐसे कीजिए अप्लाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 सितम्बर : एसएससी जीडी कांस्टेबल भर्ती 2025 के तहत करीब 40 हजार पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फॉर्म भरने की शुरुआत 5 सितंबर से हुई है और अंतिम तारीख 15 अक्टूबर तय की गई है।

एसएससी जीडी कांस्टेबल भर्ती 2025 के लिए 5 सितंबर 2024 को नोटिफिकेशन जारी होते ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उम्मीदवार 14 अक्टूबर 2024 की रात 11 बजे तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि आवेदन शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख 15 अक्टूबर 2024 है। अगर आवेदन में कोई गलती हो जाती है, तो सुधार के लिए आयोग ने 5 से 7 नवंबर 2024 का समय निर्धारित किया है। परीक्षा की संभावित तिथि जनवरी-फरवरी 2025 में कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के रूप में रखी गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, असम राइफल्स (एआर), एसएसएफ, और एनसीबी जैसे सुरक्षा बलों में युवाओं और युवतियों की नियुक्ति की जाएगी।




कर्मचारी चयन आयोग ने कुल 39,481 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इनमें 35,612 पद युवाओं और 3,869 पद युवतियों के लिए हैं। आवेदन करने के लिए उम्र सीमा 18 से 23 साल रखी गई है। हालांकि कुछ श्रेणियों के लिए उम्र में छूट दी जाएगी। एससी/एसटी के लिए अधिकतम उम्र सीमा में 5 साल, ओबीसी और एक्स-सर्विसमैन के लिए 3 साल की छूट दी जाएगी। आवेदन करने वाले युवाओं के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। जनरल, ओबीसी, और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के युवाओं के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपए है, जबकि एससी, एसटी और सभी युवतियों के लिए आवेदन शुल्क माफ किया गया है यानी शून्य है।

चयन प्रक्रिया के तहत शारीरिक मानक भी निर्धारित किए गए हैं। जनरल, ओबीसी, और एससी श्रेणी के युवाओं के लिए हाइट 170 सेंटीमीटर, चेस्ट 80 से 85 सेंटीमीटर और 24 मिनट में 5 किलोमीटर की दौड़ तय की गई है। वहीं, एसटी युवाओं के लिए हाइट 162.5 सेंटीमीटर, चेस्ट 76 से 80 सेंटीमीटर और दौड़ का मानक वही रखा गया है। युवतियों के लिए जनरल, ओबीसी, और एससी श्रेणियों में हाइट 157 सेंटीमीटर और 8.5 मिनट में 1.6 किलोमीटर की दौड़ रखी गई है, जबकि एसटी युवतियों के लिए हाइट 150 सेंटीमीटर और दौड़ की दूरी और समय समान है। यहाँ करें ऑनलाइन आवेदन - ssc.gov.in

# एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने घूसखोर पुलिसकर्मी को किया सस्पेंड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 09 सितम्बर : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने भाबर क्षेत्र के अंतर्गत कलालघाटी पुलिस चौकी में तैनात एक घूसखोर पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोटद्वार कोतवाली के भाबर क्षेत्र की कलालघाटी पुलिस चौकी में तैनात एक पुलिसकर्मी के खिलाफ बीती रात एक अभियुक्त से दो हजार रुपए की आनलाइन रिश्वत लेने की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह को मिलने पर उन्होंने पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। बताया जाता है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी को कलालघाटी पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मी संजय कुमार के खिलाफ एक अभियुक्त से अवैध रुप से आनलाइन दो हजार रुपए की घूस लिए जाने की शिकायत मिलने पर तत्काल प्रभाव से पुलिसकर्मी संजय कुमार को सस्पेंड कर दिया गया और मामले की जांच शुरू कर दिया है। निष्पक्ष व ईमानदार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा तत्काल की गई इस कार्यवाही से जनपद के कुछ घूसखोर पुलिसकर्मियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।




# 'भिक्षा नही, शिक्षा है जरूरी'

## 'मुझे मेरे जनपद में एक भी बच्चा भिक्षावृत्ति करता न दिखे' : डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में देर सांय भिक्षावृति मुक्त देहरादून के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि देहरादून शहर में कोई बच्चा भिक्षावृति करता न दिखे इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। भिक्षावृति एवं बाल मजदूरी करते बच्चों को रेस्क्यू कर मुख्य धारा, शिक्षा के सार्वागीण विकास से जोड़े। वाहन के माध्यम से निरंतर पेट्रोलिंग करते हुए भिक्षावृति करते बच्चों को रेस्क्यू करें।

जिलाधिकारी ने भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने हेतु प्रतिदिन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित कि भिक्षावृति करते तथा सड़क पर घुमतु बच्चों को रेस्क्यू करने हेतु वाहन का प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। यह वाहन शहर में घूमकर बच्चों को रेस्क्यू कर सीडब्ल्यूसी में लाएंगे। जल्द ही जनपद में दो पैट्रोलिंग वाहन का शुभारंभा किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने भिक्षावृति पर रोक हेतु मोबाइल यूनिट बढ़ाने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि इन्टेंशिप केयर सेंटर का प्रस्ताव बनाए, उक्त सेंटर में बच्चों के लिए इस प्रकार से शैक्षिण वातावरण तैयार करेंगें जिससे बच्चे उक्त परिवेश के प्रति आकर्षित हो सकें जिससे बच्चों का खिचाव स्कूल एवं अन्य क्रियाकलाप के प्रति हो। इस दिशा में प्रभावी कार्य करने हेतु उपस्थित सीडब्लूसी के पदाधिकारी, आसरा ट्रस्ट, सपर्मण सोसायटी, सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम विभाग, बाल विकास विभाग, समाज कल्याण, पुलिस आदि सम्बन्धित विभाग द्वारा सहमति जाहिर करते हुए सराहनीय पहल बताया गया।



बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जय भारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, डॉ राजीव दीक्षित, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल जोशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेन्द्र कुमार, रश्मि कुलश्रेष्ठ अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, आसरा से अमित बलोदी, समर्पण सोसायटी से मानसी मिश्रा, समाज सेवी किशोर,कविता पांडे, वीईसीडी माया नेगी सीडब्ल्यूसी से पूजा शर्मा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिमालय दिवस पर प्रकृति को भेंट करें बीज बम

देहरादून(आरएनएस)। हिमालय जड़ी-बूटी एग्रो संस्थान (जाड़ी) के सचिव एवं बीज बम अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने कहा कि हिमालय को बचाने के लिए हर स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है। हिमालय और हिमालय वासियों को बचाने के लिए गढ़ भोज को थाली का हिस्सा बनाना होगा। वर्षा जल कुंड, कच्चे तालाब निर्माण के साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को 20 बीज बम प्रकृति को भेंट करने की जरूरत है। कहा कि संपूर्ण हिमालय अभी मानव जनित गतिविधियों से खतरे में है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण वन अग्नि है, जो हिमालय की जैव विविधता को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। जाड़ी संस्थान ने जैव विविधता को बचाने के लिए तीन बड़े अभियान उत्तराखंड में शुरू किए, जिनका विस्तार देश के अन्य राज्यों में भी हो रहा है। कहा कि जन-जन को इन अभियान से जोड़ने की जरूरत है, इसके लिए सरकार अभियानों को अपनी कार्ययोजना में शामिल करें। कहा कि इसमें कल के लिए जल अभियान है, जिसमें कच्चे जल कुंड और तालाब बनाए जा रहे हैं। बीज बम अभियान के तहत मिट्टी, जैविक खाद और बीज से बीज बम तैयार कर जंगलों में डाले जा रहे हैं। इसके साथ ही गढ़ भोज को बढ़ावा देने के लिए कई सालों से काम किया जा रहे हैं, जिस पर अब सरकार भी काम करने लगी है।

### जूतों की दुकान में युवती से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून(आरएनएस)। सरकारी यूनिवर्सिटी की छात्रा के पलटन बाजार स्थित जूतों की दुकान में छेड़छाड़ की गई। आरोपी ने सैंडल पैर में पहनाते वक्त यह हरकत की। मामले को लेकर मौके पर बवाल हुआ। लोगों ने शहर कोतवाली में मामले को लेकर शनिवार रात विरोध जताया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा ने शिकायत में बताया कि वह बीते सात सितंबर को अपने हॉस्टल से पलटन बाजार आई थीं। बाजार में रिआंश फुटवियर नाम की दुकान पर खरीदारी के लिए गई। दुकान में पहुंचते ही नया माल आने की बात कहते हुए उन्हें सड़क के सामने से ऊपर के तल पर भेजा गया। वहां जाकर एक युवक ने मरून रंग की सैंडल दिखाई। आरोपी ने छात्रा को सैंडल पहनाने की कोशिश की। सैंडल पहनाते समय उसने ने जानबूझकर अश्लील हरकत की। उसने पीड़िता के प्राइवेट पार्ट पर ही हाथ डाला। छात्रा ने आरोपी को धक्का देकर खुद को बचाया। छात्रा ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। कोतवाली ले जाकर पुलिस के हवाले किया गया। इंस्पेक्टर कोतवाली चंद्रभान सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान उमेर मूल निवासी बुडगरा, थाना किरतपुर, जिला बिजनौर हाल निवासी गांधी रोड के रूप में हुई।

### दिल्ली में सचिव ने किया निर्माणाधीन उत्तराखंड निवास का निरीक्षण

देहरादून(आरएनएस)। सचिव राज्य संपत्ति विभाग विनोद कुमार सुमन ने रविवार को नई दिल्ली स्थित निर्माणाधीन उत्तराखंड निवास के चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था की ओर से निर्माण कार्य में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। सचिव ने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्यों को तेज गति से समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन उत्तराखंड निवास में विभिन्न कक्षों और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उत्तराखंड पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता राकेश चंद तिवारी, उत्तराखंड सदन के विशेष कार्याधिकारी रंजन मिश्रा और कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीजीएचएस सेंटर में युवती से छेड़छाड़ के आरोपी पर केस

देहरादून(आरएनएस)। सीजीएचएस के डालनवाला कोतवाली क्षेत्र स्थित सेंटर में एक युवती से छेड़छाड़ की गई। पीड़िता ने पहले अपने विभाग अधिकारियों को बताया। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। डालनवाला थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते 30 अगस्त 2024 को वह रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कार्यरत थीं। सीजीएचएस का लाभार्थी महेंद्र पाल चावला नाम का एक व्यक्ति अपना पंजीकरण करने आया। पंजीकरण के बाद जब पीड़िता शौचालय जा रही थीं, तो उक्त व्यक्ति उनके पीछे आया। इच्छा के विरुद्ध बात करने की कोशिश करने लगा। मना करने पर भी वह व्यक्ति जबरन बात करने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता का हाथ जोर से पकड़कर अश्लील टिप्पणी की और भद्दे शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता ने इस घटना की मौखिक शिकायत सीएमओ को की। अगले दिन तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 31 अगस्त को उपनिदेशक को ईमेल के माध्यम से भी अपनी शिकायत भेजी।

# विशेष पड़ताल : क्यों युवा और कारोबारी कर रहे खुदकुशी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 9 सितंबर , बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था। पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थितियों में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार ना छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह से आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्म हत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ती ही चली जा रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी।

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक



स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र - छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से IIT/NIT या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए।

आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां पर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ.विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्म हत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस ( 12 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएँगे।

कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है।

देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रीलेक्स माहौल देना होगा माता-पिता और उनके अध्यापकों को , ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैमब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़े-लिखे। हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और या न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर-जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर-जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक-दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने-अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों को कमजोर साबित कर देते है। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है। इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं। देखिए बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए? पर इन सबके लिए ज़रूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आज़ादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती है।अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ० गोपाल दस नीरज की पंक्तियाँ याद आ रही हैं, “छुप- छुप अश्रु बहाने वालों , जीवन व्यर्थ लुटाने वालों , इक सपने के मर जाने से , जीवन नहीं मरा करता हैं।” सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है । उसे स्वीकार करने में ही भला है ।

जैसा किमैंने ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में, जब कोविड- की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था, तब 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29% अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी।

कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं - जो 2019 से 103% अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी।महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25% अधिक है, और तमिलनाडु में 1,447 की मृत्यु हुई, जो 2019 से 36% अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है,जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। लब्बो लुआब यह है कि भारत में युवाओं और कारोबारियों के साथ - साथ अन्य लोगों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना ही होगा।

## पांचवी बार अरव गुसांई बास्केटबाल में करेंगे प्रतिभाग

नई टिहरी। माउंट कार्मेल स्कूल चंबा में कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र जौनपुर ब्लाक के सुनाऊ निवासी अरव गुंसाई आईसीएसई बोर्ड के तत्वावधान में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बॉस्केटबाल चैंपियनशिप में उत्तराखण्ड-उत्तर प्रदेश राज्य की संयुक्त टीम की ओर से प्रतिभाग कर जौहर दिखाएंगे। अंडर-17 बालक वर्ग की राष्ट्रीय बॉस्केटबाल प्रतियोगिता 20 से 25 सितम्बर तक यूपी के ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगी। अरव गुंसाई इससे पूर्व भी चार बार आईसीएसई बोर्ड की और से राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर चुके हैं। इस प्रतियोगिता में राकेश सिंह कंडारी भी अरव के साथ बतौर प्रशिक्षक भाग लेंगे। अरव की उपलब्धि पर धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार, भाजपा के मंडल अध्यक्ष पृथ्वी रावत, डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला, जौनपुर महोत्सव समिति के अध्यक्ष विरेंद्र राणा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, सुनील सजवाण, शैलेंद्र मल्ल ने खुशी जताते हुए उनसे बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई है।

## पूर्व सैनिकों की बैठक में चुनाव पर चर्चा

नई टिहरी। पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में शासन-प्रशासन की ओर से पूर्व सैनिकों, आश्रितों के लिए संचालित योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के चुनावों पर भी चर्चा हुई। जिसके लिए इस माह के अंत तक तिथि का निर्धारण कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। रविवार को चंबा के एक होटल में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष देव सिंह पुंडीर ने कहा की पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए संगठन अनवरत कार्य करता रहेगा। जौनपुर ब्लॉक के पूर्व सैनिक गोपाल सकलानी ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को विश्वास में लेकर ही चुनाव कराया जाए। दर्मियान सिंह सजवाण ने कहा कि संगठन अच्छा कार्य कर रहा है। कृष्णा ममगाईं ने कहा कि संगठन के माध्यम से ही शासन-प्रशासन के सम्मुख बात रख सकते हैं। दीवान सिंह कुंवर ने कहा कि सरकार को चाहिए कि पूर्व सैनिकों को आयकर से मुक्त रखे। पारिवारिक आय में कमाने वाले बच्चों की आय न जोड़ी जाय।

## मूल निवास व भूकानून को लेकर समिति की बैठक सीएम से मिलने का निर्णय

नई टिहरी। उत्तराखंड संयुक्त संघर्ष समिति की रविवार को एक बैठक मूल निवास व भू-कानून को लेकर राजेंद्र सिंह असवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति गठित कर सर्वदलीय बैनर तले जनपद के सभी 6 विधायकों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट के भू-कानून आदेश को लागू करने की मांग की जाएगी। स्थाई निवास को खत्म कर मूल निवास लागू करने की भी मांग की जाएगी। मूल निवास के लिए 1950 को आधार बनाने को लेकर सरकार पर दवाब बनाया जाएगा। रविवार को बौराड़ी के मिलन केंद्र में समिति की बैठक में मूल निवास व सख्त भूकानून की मांगों को लेकर सभी ने सर्वसम्मति व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि स्थायी निवास और बाहरी लोगों की पहाड़ी की भूमि पर बेहताशा खरीद से उत्तराखंडियत की पहचान को खतरा पैदा हो गया है। जिसे रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने की जरूरत है। बैठक में बाहरी लोगों को जमीन बेचने वालों को सचेत व जागृत करने का भी निर्णय हुआ। इसके साथ ही स्थानीय बोली-भाषा, स्थानीय उत्पादों, सहित भूमि की महत्ता को लेकर भी मंथन कर ठोस कदम उठाने के लिए निर्णय लिया गया।

## 151 महिलाओं ने हवन कर शांति की कामना की

नई टिहरी। गायत्री परिवार के साथ मिलकर नगर की 151 महिलाओं ने 21 हवन कुंडियों में रविवार को बौराड़ी में अवस्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में हवन कर सुख-शांति की कामना की। हवन कार्यक्रम में बतौर अतिथि नगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने भी शिकरत की। उन्होंने गायत्री परिवार की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से सौहार्द का माहौल बनता है। इसके साथ ही उच्च विचारों के आदान-प्रदान के साथ ही आबो-हवा शुद्ध करने का प्रयास भी सामने आता है। इस मौके पर गायत्री परिवार के बीपी बधानी, जेपी पांडेय, रीनू पंवार, सरिता, मीना आदि लोग शामिल रहे। फोटो कैप्शन-9 एनटीएच 21-रविवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर नई टिहरी के बौराड़ी में हवन करतीं महिलाएं

## छात्रों ने स्थापना दिवस पर दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

नई टिहरी। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन नई टिहरी ने रविवार को 10 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां से लेकर क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रविवार को होटल मैनेजमेंट संस्थान के स्थापना दिवस का जिला पर्यटन विकास अधिकारी टिहरी सोबत सिंह राणा और पर्यटन अधिकारी पौड़ी केएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास परिषद के तत्वावधान में संस्थान होटल मैनेजमेंट की सुलभ, गुणवत्तापरक शिक्षा दे रहा है। छात्रों को चाहिए कि बेहतर प्रशिक्षण लेते हुए बड़े होटल संस्थानों और कॉरपोरेट हाउस में नौकरी के लिए अभी से तैयारी कर लें। सहायक प्रोफेसर व शैक्षिक प्रभारी कुलदीप सिंह, प्रदीप नेगी ने 2015 से शुरू हुए संस्थान की उपलब्धियां बताईं। कहा कि प्रशिक्षण के साथ ही छात्रों को एनएसएस, जिला प्रशासन की ओर से आहुत होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने मौका दिया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### डिपार्टमेंटल स्टोर में शराब की दुकान खोलने का विरोध

देहरादून । बालावाला में मामचंद के नजदीक डिपार्टमेंटल स्टोर में शराब की दुकान खोलने के विरोध में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी और अपर आबकारी आयुक्त को ज्ञापन देकर विरोध किया। यहां लोग पिछले कई दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उनका कहना है कि दुकान खुलने की वजह से माहौल खराब हो जाएगा और क्षेत्र के आसपास अपराधी घटनाएं बढ़ जाएंगी। मुलाकात करने वालों में आनंद प्रकाश मालवण, हेमंत कुकरेती, नवीन रावत, खेमराज उनियाल, धनवीर सिंह राणा, विजय भारती, इंदू थपलियाल, मोनिता चौहान, वंदना पवार, वंदना उनियाल, आशा खत्री, निशा शर्मा, रेनू चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।

### जागतोली दशज्यूला महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

रुद्रप्रयाग। तीन दिवसीय जागतोली दशज्यूला महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। 13 सितम्बर को प्रदेश के मुख्यमंत्री इस मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रहेंगे। केदारनाथ विधानसभा के दूरस्त क्षेत्र दशज्यूजा में पहली बार मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। मेले के पहले और दूसरे दिन क्षेत्र के महिला मंगल दलों एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ विभिन्न स्वयं सहायता समुहों और विभागीय योजनाओं के स्टाल लगाये जाएंगे। मेले में दूसरे और तीसरे दिन प्रसिद्ध लोकगायक सौरभ मैठाणी, गजेन्द्र राणा व पूनम सती सहित अन्य सांस्कृतिक दलों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### केदारनाथ यात्रा के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करना प्राथमिकता: एसपी

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जनपद में नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे (आईपीएस) ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने पुलिस कार्यालय का व्यापक निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत की और अपनी प्राथमिकताएं बताई। नव नियुक्त एसपी ने कहा कि केदारनाथ यात्रा के बेहतर संचालन के साथ ही जनपद की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अफसर अक्षय प्रहलाद कोंडे ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि बाबा केदार की भूमि में कार्य करने का अवसर मिला है। स्वयं उनकी इच्छा थी कि वे रुद्रप्रयाग जनपद में आकर केदारनाथ धाम यात्रा में अपना योगदान दे सके। उन्होने कहा कि केदारनाथ यात्रा से संबंधित जो व्यवस्थाएं हैं वह उत्तराखंड की छवि को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए केदारनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं उन्हें बेहतर सुविधा देने के लिए पुलिस और भी बेहतर कार्य करेगी। यातायात सहित केदारनाथ धाम, यात्रा पड़ाव और पैदल मार्ग पर यात्रियों को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

### केदारघाटी में लगाए गए बोर्ड में किया ग्रामीणों ने बदलाव

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी के कई गांवों में लगाए गए साइन बोर्ड में ग्रामीणों ने बदलाव कर दिया है। साइन बोर्ड में गैर हिन्दू शब्द को हटाते हुए बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक संबंधी बोर्ड लगाए गए हैं। हालांकि पुलिस ने सूचना मिलते ही गांवों में लगाए गए बोर्ड हटा दिए। बाद में ग्रामीणों ने पुलिस से वार्ता करने के बाद बिना सत्यापन और संदिग्ध लोगों की गांवों में आवाजाही रोकने जैसे बोर्ड लगा दिए हैं। कुछ दिन पहले केदारघाटी की ग्राम पंचायत रविग्राम, गौरीकुंड, न्यालसू, खड़िया, मैखण्डा सहित कई गांवों में बाहरी लोगों के प्रवेश रोकने को लेकर स्थानीय लोगों ने साइन बोर्ड लगाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सत्यापन के फेरी और अन्य माध्यमों से आवाजाही कर रहे संदिग्ध लोगों की आवाजाही न हो सके इसके लिए ग्रामीणों ने गांव-गांव में बातचीत और आपसी सहमति से साइन बोर्ड लगाए हैं।

# क्वांटम विश्वविद्यालय में कृषि, पर्यावरण और स्वास्थ्य में नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की , 9 सितंबर , सतत विकास के लिए कृषि, पर्यावरण और स्वास्थ्य में परिवर्तनकारी नवाचार पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विषय पर क्वांटम विश्वविद्याल्य के श्याम जी सभागार में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय गोयल कुलाधिपति क्वांटम विश्वविद्यालय एवं शिव कुमार गुप्ता, कुलाधिपति महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय, पोखडा, पोड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड, प्रो० (डॉ) नन्द किशोर सिन्हा, कुलपति, महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय, पोखडा, पोड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड, प्रो० (डॉ) विवेक कुमार, कुलपति, क्वांटम विश्वविद्यालय, रुड़की, डॉ. दिलफ़ुज़ा जब्बोरोवा आनुवंशिकी और पादप प्रायोगिक जीवविज्ञान संस्थान, उज्बेकिस्तान विज्ञान अकादमी, उज़्बेकिस्तान, समिति अध्यक्ष डॉ. उमाकांत सिंह एवं आयोजन सचिव डॉ योगेश कुमार अग्रवाल, संयोजक डॉ हेमंत कुमार व डॉ. मनीष कुमार, सह संयोजन डॉ गौरव अग्रवाल तथा एन मुर्गलथा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने संगोष्ठी की स्मारिका प्रयोगशाला मैनुअल (कंप्यूटर नेटवर्किंग), प्रशिक्षण मैनुअल ( ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) का विमोचन किया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो एस के गुप्ता जी ने वर्तमान कृषि पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कृषि की आधुनिक तकनीक और जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया तथा वर्तमान में विश्व के कई देशों में उत्पन्न हुए पर्यावरण एवं खाद्य सुरक्षा पर प्रकाश डाला एवम फसलों की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बढ़ती जनसंख्या हम सभी के लिए चुनौती है।

संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के मामले में भारत की अत्मनिर्भरता के बारे में बताया। क्वांटम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो विवेक कुमार ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की एवं स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिवानी त्यागी एवं मिस कीर्ति शर्मा ने किया। डॉ योगेश कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का परिचय दिया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं विदेशों से आनलाइन माध्यम से जुडे | संगोष्टी मे पहले दिन 60 से अधिक पेपर पढे गये। दो दिवसीय संगोष्ठी में कृषी पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर उपस्थित सभी वैज्ञानिकों एवं प्रतिभागियों ने विचार मंथन किया। डॉ. मनोज कुमार चोपड़ा एसोसिएट प्रोफेसर, पशु ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, प्राणी विज्ञान विभाग, इसी कड़ी में डॉ. मनोज कुमार चोपड़ा एसोसिएट प्रोफेसर, पशु ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला, प्राणी विज्ञान विभाग, मूलजी जैथा कॉलेज, जलगांव महाराष्ट्र को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया |




# देहरादून : देश का पहला Gen AI कैंपस बना ग्राफिक एरा, Amazon से हुआ करार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 सितम्बर : ग्राफिक एरा ने अमेज़न के सहयोग से शिक्षा और तकनीक को एक नई दिशा दी है, जिससे यह देश का पहला 'फ्यूचर रेडी जेन एआई कैम्पस' बन गया है। Generative AI या जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जनरेटिव एआई, जेनएआई) दरअसल न्यू ऐज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है जो सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, स्वास्थ्य सेवा, वित्त, मनोरंजन और आधुनिक लाइफस्टाइल में लगभग हर जगह इस्तेमाल होने लगा है।

ग्राफिक एरा और अमेज़न के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी हुई है, जिसने शिक्षा और तकनीक के संगम को एक नई ऊँचाई पर पहुंचाया है। इस सहयोग के तहत ग्राफिक एरा अब देश का पहला 'फ्यूचर रेडी जेन एआई कैम्पस' बन गया है। बीते दिन इस करार की औपचारिकता पूरी की गई, जिसमें ग्राफिक एरा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डा. कमल घनशाला ने बताया कि अमेज़न के सहयोग से शिक्षा को तकनीक के साथ जोड़ा जाएगा। इससे छात्रों को नवीनतम तकनीकों से परिचित कराया जाएगा और उन्हें उद्योग जगत में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।






इस साझेदारी के तहत ग्राफिक एरा में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित पांच नए विषय जोड़े जाएंगे। इनमें मशीन लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, कंप्यूटर विजन और जनरेटिव एडवर्सेरियल नेटवर्क्स शामिल हैं। इन विषयों को तीन से पांच सेमेस्टर तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, और शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ये पाठ्यक्रम जल्द ही शुरू किए जाएंगे, जिससे छात्रों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा।

Gen AI जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है जो जनरेटिव मॉडल का उपयोग करके टेक्स्ट, इमेज, वीडियो या अन्य डेटा जेनरेट करने में सक्षम है , [ 2 ] अक्सर संकेतों के जवाब में ।[ 3 ] [ 4 ] जनरेटिव एआई मॉडल अपने इनपुट ट्रेनिंग डेटा के पैटर्न और संरचना को सीखते हैं और फिर नया डेटा जेनरेट करते हैं जिसमें समान विशेषताएं होती हैं।

# उत्तराखंड : इन 4 शहरों में महिलाओं को वाहन खरीदने पर 50% छूट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 सितम्बर : महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सरकार 50 फीसदी सब्सिडी पर बाइक, स्कूटी, ऑटो और कार प्रदान करेगी। योजना का पहला चरण देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में लागू किया जाएगा। उत्तराखंड सरकार आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और युवतियों के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 50 फीसदी सब्सिडी पर बाइक, स्कूटी, ऑटो और कार प्रदान करेगी। बाकी 50 फीसदी राशि के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

'महिला सारथी योजना' के पहले चरण की शुरुआत देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिलों से की जाएगी। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के निदेशक प्रशांत आर्य के अनुसार इस योजना को निर्भया फंड से वित्त पोषित किया जाएगा और परिवहन विभाग मुफ्त वाहन चलाने का प्रशिक्षण और लाइसेंस प्रदान करेगा। महिला सारथी योजना के पहले चरण में चार जिलों में 200 महिलाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



इस योजना के संबंध में विभाग की अब तक तीन बैठकें हो चुकी हैं, और दो जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में भी इस पर चर्चा की गई थी। पहले चरण के सफल कार्यान्वयन के बाद, योजना को अन्य जिलों में भी विस्तार दिया जाएगा। राज्य नोडल अधिकारी आरती बलोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन 2025 के अंतर्गत विभाग ने इस नवाचारी योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। केंद्र सरकार के निर्भया फंड से इस योजना को वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह योजना महिला और किशोरियों को सुरक्षा का अहसास कराने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मानसखंड विज्ञान केंद्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अल्मोड़ा। मानसखंड विज्ञान केंद्र स्यालीधार में मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते मामलों पर गहन चर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस गंभीर विषय पर जागरूक करना और उन्हें संघर्ष की स्थिति में सुरक्षित रहने के उपाय सिखाना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा सिविल सोयम प्रदीप धौलखंडी और मानसखंड विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. नवीन चंद्र जोशी उपस्थित थे। प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा सिविल सोयम प्रदीप धौलखंडी ने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान समय में मानव-वन्यजीव संघर्ष के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कारण यह है कि मनुष्य ने वन्यजीवों के पारंपरिक आवासीय क्षेत्रों में घुसपैठ कर निर्माण कार्य कर लिए हैं। इससे वन्यजीवों के लिए भोजन और पानी की उपलब्धता में कमी आई है, और वे बस्तियों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वन्यजीव से सामना होने पर आवश्यक सुरक्षा उपाय भी बताए। मानसखंड विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ नवीन चंद्र जोशी ने कहा, मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील हों और उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा करें। डॉ. जोशी ने बताया कि विज्ञान केंद्र का उद्देश्य केवल वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करना नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि समाज वन्यजीवों के प्रति जागरूक हो और उनके साथ सह-अस्तित्व की भावना विकसित करे। उन्होंने कहा, विद्यार्थियों को इस प्रकार की जागरूकता देना आवश्यक है, क्योंकि यह उन्हें भविष्य में इन संघर्षों को कम करने में मदद करेगा। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय, ताड़ीखेत, अल्मोड़ा से आए अध्यापकों डी सी जोशी एवं प्रतिभा रावत और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### अल्मोड़ा वॉरियर्स और विक्टोरिया ने जीते मैच

अल्मोड़ा। विक्टोरिया प्रीमियर लीग के आठवें दिन में दो मैच खेले गए। पहला मैच अल्मोड़ा वॉरियर्स और शिव शक्ति के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अल्मोड़ा वॉरियर्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव शक्ति 17.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 128 रन ही बना सकी। अल्मोड़ा वॉरियर्स ने 47 रनों से मैच जीता। मैन ऑफ़ द मैच अल्मोड़ा वॉरियर्स के गौरव जोशी रहे। दूसरा मैच विक्टोरिया और गरूड़ाबाज लायंस के बीच खेला गया जिसमें विक्टोरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 151 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गरुड़ाबाज टीम ने 18.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 124 रन बनाये। ये मैच विक्टोरिया ने 27 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच विक्टोरिया टीम के विकास फ़र्तियाल रहे। अंपायर की भूमिका में सत्येंद्र कुमार और शमशाद अल्वी, स्कोरर की भूमिका में मयंक फ़र्तियाल और अभय अधिकारी रहे तो वही उद्घोषक की भूमिका में अनिल रहे। पहले मैच के मुख्य अतिथि निर्वर्तमान सभासद सौरभ वर्मा और दूसरे मैच के मुख्य अतिथि तरुण वर्मा द्वारा खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। अंपायर की भूमिका में सत्येंद्र कुमार और शमशाद अल्वी, स्कोरर की भूमिका में मयंक फ़र्तियाल और अभय अधिकारी रहे तो वही उद्घोषक की भूमिका में अनिल रहे।

### बेरीनाग में ऋषिपंचमी मेले का रंगारंग आगाज

पिथौरागढ़। नगर में ऋषिपंचमी मेले का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। महिलाओं ने झोडा चांचरी का भी आयोजन कर लोगों को पहाड़ की संस्कृति से रूबरू कराया। रविवार को एसडीएम यशवीर सिंह ने दीप जलाकर मेले का शुभारंभ किया। महिलाओं ने पुरानी बाजार से नागमंदिर तक ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली। मंदिर के पुजारी शंकर दत्त पंत ने श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना संपन्न कराई। पहले दिन राजेंद्र राम,मोहन धानिक, जोगा राम ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पुरानी बाजार में झोडा चाचरी गायन कर कार्यक्रम में चार चाद लगा दिए। मेले मे बागेश्वर, कांडा, कमेडी देवीनगर, धरमघर, चौकोडी, पांखू, थल, पुरानाथल, राईआगर, पातालभुवनेश्वर, गंगोलीहाट आदि से लोग पहुंचे। थानाध्यक्ष महेश जोशी के नेतृत्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।यहां निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष हेम पंत, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत, खजान चन्द्र गुडडू, अमित पाठक, जीवन धानिक, दर्पण कुमार, कमल खाती, जीवन रावत, मनमोहन मेहता, गोविंद खाती, दीपक कालाकोटी, पंकज कार्की, दीपक उप्रेती, कमलेश पंत, जीवन शाह, जीवन पाठक, कैलाश चन्याल, कुलदीप बोहरा, धीरज जोशी, मुकेश पंत, राहुल, नीरू कार्की, आशा भैसोडा, योगिता जोशी, नीमा जोशी, दीक्षा पंत, गुडडी असवाल, करीना, मोनिका, दीपा, नेहा, चंपा, ज्योतस्ना, दीपिका आदि मौजूद रहे।

# दून मेडिकल कॉलेज की कैंटीन में मिली गड़बड़, नोटिस जारी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 9 सितंबर , अगर आपको लगता है कि सबसे सुरक्षित स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे मेडिकल कॉलेज की कैंटीन में साफसुथरा हाइजेनिक खाना परोसा जाता है तो ज़रा ठहरिये ऐसा नहीं है क्योंकि आज जब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. आर.राजेश कुमार के निर्देशों पर उपायुक्त गढवाल मण्डल आर.एस.रावत के नेतृत्व में दून मेडिकल कालेज के मेस/कैन्टीन में आकस्मिक जांच की गयी तो टीम ने कीचन में साफ-सफाई, पेस्ट कंट्रोल के साथ ही खाद्य पदार्थो की जांच की जहाँ सफाई व्यवस्था मानक के मुताबिक न मिलने पर कैंटीन संचालक को नोटिस थमा दिया गया है और किचन में पाए गए एक्सपायरी खाद्य पदार्थ को नष्ट किया गया।

मानकों के अनुरूप सफाई न पाए जाने पर नोटिस दिया गया

आपको बता दें कि स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार के सख्त निर्देश है कि सेहत से खिलवाड़ करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे फिर वो चाहे जिस स्तर की लापरवाही और अनदेखी क्यों न हो लिहाज़ा आज जब यहाँ पेस्ट कंट्रोल से संबंधित कमी पाई गई तो कैंटीन में काम करने वाले कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

किचन में रखे गये खाद्य पदार्थ-खुला पनीर एवं खुला धनिया पावडर के नमूने संदेह के आधार पर जॉच हेतु लिये गये, जिन्हें जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। मौके से प्राप्त कुछ धनिया पावडर, मिर्च पावडर, सौफ पैकेट एवं अन्य खाद्य पदार्थो को एक्सपायरी /बिना लेबल होने के कारण नष्ट किया गया। मेस संचालक को उपरोक्त व्यवस्था को सुधारने हेतु मौके पर नोटिस दिया गया। उक्त कार्यवाही में अधिकारी मनीष सिंह सयाना एवं वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर निगम रमेश सिंह मौजूद रहे। वहीँ स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि ऐसी आकस्मिक कार्यवाही आगे भी होगी और आदेश न मानने वालों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी

## हिमालय प्रतिज्ञा लेकर हिमालय के हित में काम करने का संकल्प लिया

नई टिहरी। हिमालय बचाओ अभियान को लेकर रविवार को भी खासा उत्साह लोगों में देखने को मिला। विभिन्न संगठनों और एनजीओ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हिमालय प्रतिज्ञा लेते हुए हिमालय के सरोकारों को संरक्षित करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि हिमालय प्राणवायु का आधार है। जीवन के संरक्षण के लिए हिमालय का संरक्षित होना जरूरी है। रविवार को हिमालय बचाओ अभियान के तहत भू-कानून व मूल निवास को लेकर आंदोलनरत उत्तराखंड संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों और कर्यकर्ताओं ने भारी संख्या में हिमालय प्रतिज्ञा लेकर हिमालय के हित में काम करने का संकल्प लिया। ऐसे सभी कामों को न करने का संकल्प लिया। जिससे हिमालय को नुकसान पहुंचता है। एसआरटी परिसर के लाइब्रेरी विभाग के हेड आफ डिपार्टमेंट डा. हंसराज बिष्ट ने हिमालय प्रतिज्ञा दिलाई। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बीके अनीता रानी 100 अधिक कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाते हुए हिमालय के प्रति संकल्पित किया। रानीचौरी में राइस संस्था के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को राइस के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने हिमालय प्रतिज्ञा दिलाते हुए हिमालय के हित में काम करने को प्रेरित किया। जबकि किशोर न्याय बोर्ड से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नई टिहरी में हिमालय प्रतिज्ञा लेते हुए हिमालय के सराकारों के लिए काम करने का निर्णय लिया। इस मौके पर मनोज नकोटी, रंजीता थपलियाल, विनीता उनियाल, जगदीश बडोनी, रवीश चमोली, अरूरफी रावत, सुखदेव बहुगुणा, कुमुद उनियाल, नरेश चौहान आदि मौजूद रहे। जबकि उत्तराखंड संयुक्त संघर्ष समिति में प्रतिज्ञा लेने वालों में डा. राकेश भूषण गोदियाल, चंडी प्रसाद डबराल, राजेंद्र सिंह असवाल, कमल सिंह महर, देवेंद्र नौडियाल, प्रवीन सिंह भंडारी, उम्मेद सिंह, साब सिंह सजवाण, शक्ति प्रसाद जोशी, नरेश पैन्यूली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यशाला में अर्थ गंगा की अवधारणा पर मंथन

नई टिहरी। मसूरी वन प्रभाग के नमामि गंगे परियोजना की पहल पर पर्यटन स्थल धनोल्टी क्षेत्र में पारिस्थितिकी और ईको टूरिज्म के विकास के लिए जलज परियोजना के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें एनएमसीजी (नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा), डब्ल्यूआईआई (भारतीय वन्यजीव संस्थान) के विशेषज्ञों ने जरूरी परामर्श दिए। कार्यशाला का उद्देश्य नदी और लोगों के बीच बेहतर संबंध स्थापित कर अर्थ गंगा की अवधारणा को साकार करना था। इको पार्क धनोल्टी में आयोजित कार्यशाला का वन संरक्षक यमुना वृत कहकशां नसीम, डीएफओ अमित कंवर, जलज परियोजना की सीनीयर प्रोजेक्ट असिस्टेंट अंजना शर्मा, प्रोजेक्ट साइंटिस्ट सौरव गवन ने शुभारंभ किया। कार्यशाला में मसूरी वन प्रभाग के कार्मिकों के साथ ही वन क्षेत्र के विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों और इको पार्क के सदस्यों ने शिरकत की। कार्यशाला विशेषज्ञों ने स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग और सतत विकास के उपाय, पर्यटकों के लिए आकर्षण बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। वहीं नदी संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता को लेकर भी जागरूक किया गया। स्थानीय समुदायों को इको-टूरिज्म से आर्थिक लाभ पहुंचाने पर वृहद चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इससे न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने मे मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और आर्थिकी को मजबूत करने में सहयोग मिलेगा। अंजना शर्मा ने जलज परियोजना की पृष्ठभूमि बताई। सौरव गवन ने जलज परियोजना का उद्देश्य और योगदान बताया। वन संरक्षक यमुना वृत्त कहकशां नसीम ने गांवों के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस मौके एसडीओ दिनेश चंद्र नौडियाल, वन क्षेत्राधिकारी लाखीराम आर्य, लतिका उनियाल, ईको पार्क समिति के सचिव मनोज उनियाल, कुलदीप नेगी, प्रमोद बंगवाल, सुशील गौड़, उर्मिला चौहान, सुनीता, अनिल सिंह, राजेश कुमार, आरती पंवार, सुप्रिया रावत आदि मौजूद थे।

### श्रीनगर में 14 सितम्बर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन में श्रीनगर न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका ने 14 सितम्बर को होनी वाली लोक अदालत को लेकर बैठक आहुत की। बैठक में अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण और बैंक कर्मचारियों से प्रीलिटिगेशन वाद के निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक अभियोजन अधिकारी अपर्णा अवस्थी, श्रीनगर बार एशोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, पैनल अधिवक्ता देवी प्रसाद खरे, आशीष पोखरियाल, कुम्दन सिंह रावत सहित आदि मौजूद थे।

## हिमालय दिवस पर देवली गाँव के जल स्रोत को किया पुनर्जीवित

श्रीनगर गढ़वाल। हिमालय दिवस के अवसर पर प्राकृतिक जल स्रोत संरक्षण और उत्तराखण्ड का खान-पान एक अभियान के बैनर तले कीर्तिनगर ब्लाक के ग्राम स्थित देवली गांव में लम्बे समय से बंद पड़े प्राकृतिक जल स्रोत को पुनर्जीवित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र गौड़ और उड़ीसा से आए समाज सेवी सिद्धार्थ व देवी महापात्रा के सहयोग से धारे को पुर्नजीवित किया गया। देवेन्द्र ने बताया कि 14 अगस्त 2023 को हुई बारिश के कारण रानीहाट में प्राचीन जलस्रोत पुरी तरह मलबे से दब गया था। जिसके चलते जलस्रोत का पानी पूरी तरह से सूख गया था। बताया कि रानीहाट और देवली गांव में पेयजल किल्लत होने पर इसी जलस्रोत से पानी उपलब्ध होता था, लेकिन जलस्रोत का समय-समय पर रखरखाव न होने और नदी का जल स्तर बढ़ने से बड़ी संख्या में मलबा आने के कारण यह पूर्ण रूप से बंद हो गया था। वर्ष 2013 की आपदा में भी यह पहले भी बंद हुआ था, लेकिन इसे दोबारा रिचार्ज कर दिया था, लेकिन अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण यह फिर मलबे में दब गया था।

## बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग आज से

श्रीनगर गढ़वाल। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज में एनएमसी की ऑब्जर्वरशिप में तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन (बीसीएमई) प्रशिक्षण सोमवार से शुरू होगा। जिसके लिए मेडिकल कालेज प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर दी है। 11 सितम्बर तक चलने वाले प्रदेश स्तरीय ट्रेनिंग में हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विभिन्न मेडिकल कालेजों के संकाय सदस्य प्रतिभाग करेंगे। ट्रेनिंग के जरिए संकाय सदस्य टीचिंग लर्निंग मैथड इन मेडिकल एजुकेशन की आधुनिक तकनीकी से रूबरू होंगे। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के विषय विशेषज्ञ डर्मेटोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो दीपक डिमरी, ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा हटवाल, फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. किंशुक लाहौन, बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. कैलाश गैरोला, प्रो. अनिल द्विवेदी, फोरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. निरंजन विभागाध्यक्ष, डॉ. पवन बद्द एसोसिएट प्रोफेसर पैथोलाजी, डॉ. जानकी विभागाध्यक्ष कम्यूनिटी मेडिसिन व अन्य है रिसोर्स पर्सन रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### टीएचडीसी आईएचईटी के तीन छात्र बूट कैंप में करेंगे शिरकत

नई टिहरी। टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग के चौथे वर्ष के तीन छात्रों का चयन 23 से 27 सितंबर तक राजस्थान के जयपुर में होने वाले इनोवेशन डिजाइन और एंटरप्रेन्योरशिप बूट कैंप के लिए हुआ है। बूट कैंप का उद्देश्य छात्रों को स्टार्टअप, नवाचार और कौशल विकास की जानकारी देना है। ताकि छात्र इस क्षेत्र में बेहतर भविष्य बना सके। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने जा रहे दूसरे इनोवेशन, डिजाइन और एंटरप्रेन्योरशिप (आईडीई) बूट कैंप के लिए टीएचडीसी आईएचईटी के चौथे वर्ष के छात्र निखिल गहतोड़ी, शुभम रावत और अभिषेक तोमर का चयन हुआ है। चयनित छात्र 23 से 27 सितंबर के बीच राजस्थान जयपुर में बूट कैंप में शिरकत करेंगे। देश भर के चुनिंदा संस्थानों के चयनित छात्रों को बूट कैंप में स्टार्टअप, नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता, डिजाइन थिंकिंग आदि गतिविधियों की नवीन तकनीक की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विशेषज्ञ इनोवेटिव विचारों और चुनौतियों के समाधान निकालने के भी तरीके बताएंगे। छात्रों का चयन उनकी रचनात्मक सोच और प्रोजेक्ट प्रस्तुतियों के आधार पर किया गया है टीएचडीसी-आईएचईटी के निदेशक डॉ. शरद कुमार प्रधान, सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष ज्योति प्रकाश सेमवाल और शिक्षक समीर वर्मा ने छात्रों के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी।

### हर्षदेव सचिव, अश्विनी बने मीडिया प्रभारी

नई टिहरी। हिमालय जन जागृति समिति की बैठक गणेश प्रयाग सेंडुल में आयोजित हुई। बैठक में समिति की कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से हर्षमणि मैठाणी को सचिव पद पर व अश्विनी मैठाणी को मीडिया प्रभारी तथा पार्वती देवी कीर्तन मण्डली अध्यक्षा चुना गया। मौके पर समिति अध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट, प्रयाग दास डकोरिया, द्वारिका प्रसाद मैठाणी, केदार सिंह रौतेला, उमेद सिंह चौहान, वीरेन्द्र दत्त सेमवाल, विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।

### घनसाली के खोला गांव तक जल्द पहुंचेगी सड़क

नई टिहरी। घनसाली विधानसभा क्षेत्र के सड़क सुविधा से वंचित खोला गांव के ग्रामीणों को भी जल्द आवागमन की सुविधा मिलेगी। सरकार ने खोला गांव के लिए चार किमी सड़क स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। ऐसे में अब उम्मीद है आने वाले पांच-छह माह में ग्रामीणों को सड़क सुविधा मिलेगी। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया। रविवार को जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र रावत, प्रधान सरिता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कविता तिवारी, पूर्व अध्यक्ष नत्थी सिंह नेगी, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश भजनियाल ने पूजा अर्चना कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह का आभार जताया। घनसाली के खोला गांव के करीब 100 परिवार सड़क से वंचित थे। ग्रामीण सड़क के अभाव में दो से तीन किमी पैदल चलने को मजबूर थे। ग्रामीणों को शादी से लेकर गांव में स्वास्थ्य खराब होने पर बिमार व्यक्ति को सड़क तक पहुंचाने में खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। साथ ही सड़क न होने के कारण गांव से पलायन कर रहे थे। एक करोड़ 53 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का लोनिवि घनसाली ने निविदा प्रक्रिया पूरी कर सड़क निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। इस संबंध में लोनिवि के अधिशासी अभियंता डीसी नौटियाल का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। करीब छह माह के अंदर सड़क कटिंग का कार्य पूरा कराया जाएगा। इस मौके पर बिजेंद्र गुसाईं, प्रदीप बिष्ट, हर्ष लाल, जमुना राणा, हरीश राणा, हरिकृष्ण तिवारी आदि मौजूद थे।

### उस्तरे से गला काटकर आत्महत्या का प्रयास

चमोली। पेशे से नाई का कार्य करने वाले मोहम्मद रईस पुत्र मोहम्मद इलियास ने उस्तरे से रविवार सुबह अपना गला काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष कुलदीप रावत ने बताया कि गोपेश्वर नगर क्षेत्र के वार्ड नम्बर 4 में रहने वाले मोहम्मद रईस के परिवार के लोगों ने जानकारी दी कि रईस ने अपने कमरे में उस्तरे से अपना गला काट कर आत्महत्या की कोशिश की है।

# 19 साल की उम्र में बॉडी बिल्डर की हार्ट अटैक से मौत





न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 सितम्बर : ब्राजील के मशहूर बॉडी बिल्डर मैथ्यूज पावलक का हार्ट अटैक से निधन हो गया है. वह बीते दिन अपने घर में मृत पाए गए. उनकी असामयिक मृत्यु ने फिटनेस की दुनिया को झकझोर कर रख दिया है, क्योंकि मैथ्यूज केवल 19 साल के थे. उनका जीवन प्रेरणादायक था, खासकर उन लोगों के लिए जो बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन और फिटनेस के प्रति समर्पित हैं. मैथ्यूज ने मोटापे से जूझते हुए पांच साल में अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से एक बॉडी बिल्डर के रूप में दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई थी।

बॉडी बिल्डर मैथ्यूज का निधन एक दुखद घटना है. उनकी मौत के पीछे अब स्टेरॉइड्स के इस्तेमाल की संभावना को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं हो रही हैं, जो उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालने की वजह हो सकती है. लोगों का कहना है कि यह घटना इस बात की ओर भी इशारा करती है कि किसी भी प्रकार के सप्लीमेंट या ड्रग्स के उपयोग में सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर तब जब वह शरीर पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, मैथ्यूज ने 2019 में बॉडी बिल्डिंग शुरू की थी और देखते ही देखते बॉडी बिल्डिंग कम्युनिटी का उभरता सितारा बन गए. पिछले साल U23 कॉन्टेस्ट जीतने के बाद उन्हें Mr Blumenau नाम दिया गया. इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र की अन्य कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया और टॉप 10 में रहे। सोशल मीडिया पर कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि मैथ्यूज ने अपनी सेहत को सुधारने के लिए बहुत-सी दवाओं का सेवन किया था. इसके चलते ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हुईं और उन्हें दिल का दौरा पड़ा. वहीं, बॉडी बिल्डर के चाहने वाले ऐसी बातें करने वालों की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

## संपादकीय

# पहलवानों का राजनीतिक कदम

देश के प्रख्यात, चैम्पियन पहलवानों-बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट-ने अचानक ही कांग्रेस का 'हाथ' नहीं थामा है। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह, बेशक, उन्हें 'खलनायक' करार दें अथवा युवा-नाबालिग पहलवान बेटियों के यौन उत्पीडन के खिलाफ उनके आंदोलन को 'कांग्रेसी साजिश' कहें, लेकिन दोनों ही पहलवान, अपने-अपने वर्गों में, अद्वितीय रहे और उन्हें भारत की आन-बान-शान माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने निजी स्तर पर उनसे मुलाकातें कीं और सहयोग का हर हाथ बढ़ाया। बेशक कांग्रेस के साथ जुडना और कांग्रेस की ही राजनीति करना विनेश और बजरंग का संवैधानिक अधिकार है। वे विधायक बनें, मंत्री बनें या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भूमिका निभाएं, लेकिन भारतीय कुश्ती को अभी उनकी जरूरत थी। उनमें 'पहलवानी' शेष थी। कुश्ती के प्रति ही जुड़ाव रहना चाहिए था। विनेश ने कहा भी था कि वह 32-33 साल की उम्र तक कुश्ती लडना चाहती हैं। अर्थात चार साल बाद का ओलंपिक उनके मानस में था। लिहाजा पाला बदल कर राजनीति में उतरना एक 'नैतिक विकृति' है। असंख्य चैम्पियन खिलाड़ी राजनीतिज्ञ बने हैं, लेकिन आज वे सिर्फ नेता हैं। उनका खिलाड़ी का चेहरा गायब हो चुका है। अतीत के इतिहास को कौन खंगालता है? बहरहाल जंतर-मंतर पर हमने चैम्पियन पहलवानों के आंदोलन को करीब से देखा है। बेशक उसे 'खिलाडियों का आंदोलन' घोषित किया जाता रहा और वामपंथी नेता वृंदा करात को मंच से उतरने को बाध्य किया गया, लेकिन कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के साथ विनेश, साक्षी मलिक, बजरंग आदि इस तरह बतियाते नजर आए मानो सहेलियां गप्पें मार रही हों! आंदोलन के मंच तक राहुल गांधी और दीपेंद्र हुड्डा सरीखे कांग्रेसी सांसदों को प्रवेश क्यों दिया गया? क्या वे राजनेता नहीं थे। यकीनन कुछ 'खिचड़ी' तो पक रही थी! यदि सोच और विचारधारा के स्तर पर दोनों पहलवान 'कांग्रेसी' रहे हैं, तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। यह भी उनका मौलिक अधिकार है। देश में बीते 10 सालों से प्रधानमंत्री मोदी की सरकार सक्रिय है, लिहाजा दोनों पहलवानों को वल्र्ड चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में शिरकत करने की अनुमति और आर्थिक मदद किसने दी थी? विनेश के लिए हंगरी के विश्व विख्यात कोच के साथ अनुबंध किसने किया था और करोड़ों की फीस अदा की गई? हम मानते हैं कि यह सरकार का दायित्व था, लेकिन यह दायित्व तो देश के 145 करोड़ भारतीयों और प्रत्येक खिलाड़ी के प्रति भी था। कितनों को इतनी प्राथमिकताएं दी गईं या मिल पाती हैं? बहरहाल कुश्ती को यहीं छोड़ते हैं, लेकिन आंदोलन की खातिर विनेश ने सड़क पर, पुलिसियों द्वारा घसीटा जाना झेल लिया, सरकार के कथित अन्याय को बर्दाश्त किया, क्योंकि सरकार अपने सांसद को बचाती रही, हमें लगता है कि विनेश भी उस आंदोलन को कभी भूल नहीं पाएंगी। अभी तो बजरंग और विनेश नए-नए नेता बने हैं, लिहाजा लच्छेदार भाषा बोल रहे हैं कि वे हर पीड़ित, शोषित खिलाड़ी बेटी के संग खड़े रहेंगे। उनकी मदद करेंगे, लेकिन यह हकीकत नहीं होगी और कुछ ही महीनों में यथार्थ सामने होगा! अब अकेली साक्षी मलिक ने आंदोलन को जारी रखने का आश्वासन देश को दिया है। देखते हैं, वह कहां तक चल पाती हैं। राजनीति में आने का ऑफर तो उन्हें भी मिला था। उन्होंने स्वीकार नहीं किया और वह आंदोलन के संकल्प पर अडिग रहीं। साक्षी भी ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पहलवान रही हैं।

## दुकानदार पर जानलेवा हमले और पुलिसकर्मी से मारपीट के 03 आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा। द्वाराहाट पुलिस ने दुकानदार पर जानलेवा हमला व मारपीट करने के मामले में फरार 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है वहीं एक आरोपी पूर्व में ही पकड़ा जा चुका है। बीती 19 अगस्त को जिले के द्वाराहाट थानांतर्गत महेश कुमार की चौखुटिया रोड स्थित दुकान पर मीट को लेकर हुए विवाद पर ललित भट्ट, दीपक भट्ट उर्फ दीपू भट्ट व गणेश उर्फ गिरीश काण्डपाल आदि ने दुकानदार महेश कुमार पुत्र स्व. रामसेवक निवासी मल्ली बाजार द्वाराहाट से गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और धारदार हथियार से हमला कर महेश कुमार को घायल कर दिया। तत्पश्चात जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की तहरीर महेश कुमार ने 20 अगस्त को द्वाराहाट थाने में दी। वहीं आरोपियों ने सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारी के साथ भी मारपीट कर डाली। महेश कुमार की तहरीर के आधार पर थाना द्वाराहाट में एससी/ एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया और पुलिस कर्मचारी के साथ मारपीट करने पर भी अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे, जिनकी पुलिस को तलाश थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। विवेचना के दौरान आरोपियों में एक नया नाम धीरज तिवारी पुत्र हरीश चंद्र तिवारी, निवासी ग्राम बारगल, गरमपानी, जनपद नैनीताल भी प्रकाश में आया। धीरज तिवारी को गत 27 अगस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने फरार आरोपियों ललित भट्ट पुत्र जगदीश चन्द्र भट्ट व दीपक भट्ट उर्फ दीपू भट्ट पुत्र ललित मोहन भट्ट, निवासीगण धनखलगांव, ग्रामसभा विजयपुर, थाना द्वाराहाट तथा गणेश उर्फ गिरीश काण्डपाल पुत्र ख्याली दत्त काण्डपाल निवासी ग्राम काण्डे, पोस्ट बिठौली, थाना द्वाराहाट हाल निवासी ग्राम घघलोड़ी, द्वाराहाट की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने लगातार सुरागरसी व पतारसी करते हुए कई जगह दबिश दी। पुलिस को फरार आरोपियों के अल्मोड़ा होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को जिला न्यायालय अल्मोड़ा के पास स्थित तिराहे पर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष द्वाराहाट अवनीश कुमार, अपर उप निरीक्षक विजय पाल, हेड कांस्टेबल योगेन्द्र प्रकाश व कांस्टेबल ललित मोहन शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक वारंटी गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने न्यायालय के वारंट से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। एसएसआई आमिर खान ने बताया कि रहमतपुर गांव निवासी ईशु पोक्सो के एक मामले में लंबे समय से कोर्ट से वांछित चल रहा था। पुलिस ने वांछित चल रहे वारंटी को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

### मारपीट के फरार आरोपियों को दबोचा

रुड़की। पुलिस ने मारपीट के फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। गांव मुजाहिदपुर सतीवाला निवासी आशीष ने पुलिस को तहरीर देकर लाम ग्रन्ट निवासी कई लोगों पर मारपीट कर, जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरार चल रहे आरोपी उबेद ,मन्नान व शौकीन को उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनकी निशान देही पर मारपीट में प्रयुक्त डंडे व एक पंजी बरामद की है। उप निरीक्षक बालाराम जोशी ने बताया कि मारपीट के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश कर दिया गया हैं।

### टेंपों की टक्कर से बाइक सवार घायल

रुड़की। बाइक और टेंपो की भिड़ंत में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को नूर आलम व उसका साथी नोशाद निवासी मीरपुर, रुड़की से वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह कलियर महेवड़ के बीच पहुंचे तो सामने से आ रहे टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार नूर आलम घायल हो गया। घायल को उसके साथी नोशाद ओर आसपास के लोगों ने निजी वाहन से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जबकी टेंपो चालक मौका से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से घटना को जानकारी जुटाई।

### बैठक कर समस्याओं के समाधान के बारें में चर्चा की

रुड़की। न्यू नेहरू नगर सोसाइटी के लोगों ने एक बैठक का आयोजन कर कई विषयों पर चर्चा की। सोसाइटी के अध्यक्ष राजपाल सिंह की अध्यक्षता में महासचिव विकास त्यागी के कार्यालय पर आयोजित बैठक का संचालन महासचिव विकास त्यागी ने किया। डॉक्टर योगेंद्र नाथ अरुण ने प्रयास फाउंडेशन के माध्यम से हो रहे भूमिया खेड़ा के निर्माण कार्य के लिए आर्थिक सहयोग की अपील की। राजेंद्र खुल्लर ने सोसाइटी के जरूरी काम के लिए मासिक चंदा इकट्ठा करने को कहा। नरेश चौहान ने बताया कि गली में लटकी बिजली और टेलीफोन की तारों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्यामवीर सैनी, डॉक्टर मानसिंह, मांगेराम अग्रवाल, कैलाश सुंदरयाल ने मोहल्ले में साफ सफाई कराने आदि की बात कही। इस अवसर पर विकास त्यागी, राजपाल सिंह, राजकुमार वर्मा, नरेश चंद चौहान, बीके सिंघल, नरेश चंद चौहान, अशोक शर्मा, कैलाश चंद्र सुंदरयाल, रमेश चंद्र पोखरियाल, राकेश कोटनाला, उमंग सिंगल आदि मौजूद रहें।

### महिला उत्पीड़न में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुड़की। विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस से पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विवाहिता ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उसकी शादी अप्रैल 2015 में रजिक निवासी छापुरशेर अफगानपुर के साथ समस्त रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि विवाह के कुछ दिनों बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उससे दहेज की मांग शूरू कर दी। विवाहिता ने अपने जेठ पर उत्पीड़न करने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया है। पीड़िता का कहना है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपी पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति राजिक, ससुर शमशाद, जेठ रईस और रिसमान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### ट्रेनों का संचालन सुधरने से मिली राहत

रुड़की। पिछले काफी समय से रेलगाड़ियां लेट चल रही थी। अभी दो-तीन दिन से ट्रेनों का संचालन सुधरा है। रविवार को भी सिर्फ एक ट्रेन, उदयपुर सिटी से योगनगरी ऋषिकेश, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 1.10 घंटे लेट हुई। बाकी गाड़ियों में लखनऊ से चंडीगढ़, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, एमसीटीएम उधमपुर से छपरा, स्पेशल एक्सप्रेस, सहारनपुर से मुरादाबाद, मेमू एक्सप्रेस, दरभंगा से अमृतसर, जननायक एक्सप्रेस, जयपुर से अमृतसर, शहीद एक्सप्रेस व कुचुवेली से योगनगरी ऋषिकेश, सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन अपने तय समय के 30 से 50 मिनट के भीतर स्टेशन पहुंच गई। मुसाफिर अमन कुमार, परविंदर सिंह, दीपक शर्मा ने बताया कि ट्रेनों का आधा-एक घंटे लेट होना साधारण बात है। ज्यादा लेट होने पर उन्हें इंतजार करने में दिक्कत होती है।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

रुड़की। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी किशोरी बेटी को एक युवक उसके घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसमें उसका एक भाई भी शामिल है। युवती की सभी संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। एसएसआई आमिर खान ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई हैं।

### युवकों की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

रुड़की। सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो युवको की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर टेंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गत दो दिन पूर्व चुड़ियाला गांव के समीप टेंपो की चपेट में आने से स्कूटी सवार तीन युवक घायल हो गए थे। जिसमें चिकित्सकों ने आरिफ निवासी बेलड़ा व उसके साथी शाहनवाज निवासी बनारसी को मृत घोषित कर दिया था। साथ ही उनके एक अन्य साथी शाहरुख निवासी बनारसी की हालत भी अभी गंभीर बनी हुई है। मृतक के परिजन तालिब निवासी बेलड़ा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# नगर निगम ने आयोजित किये स्वच्छता कार्यक्रम, मंत्री ने लगाई झाड़ू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 9 सितम्बर पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहरी विकास मंत्री और विधायक रायपुर ने प्रतिभाग किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा वार्ड 52 सरस्वती विहार में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में प्रेमचन्द अग्रवाल, शहरी विकास मंत्री एवं उमेश शर्मा काउ विधायक रायपुर द्वारा भी शिरकत की गयी तथा सड़क पर झाडू लगा कर सफाई का सन्देश देते हुए पर्यावरण मित्रों का उत्साहवर्धन किया गया तथा लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन का सबसे अनमोल धरोहर है। स्वच्छ पर्यावरण मानव के साथ-साथ पशु-पक्षी एवं सभी जीवों के स्वस्थ रहने का आधार है। हम सभी को पर्यावरण की सुरक्षा एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

विधायक ने भी पर्यावरण को मानव जीवन का मजबूज आधार बताते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। नगर निगम द्वारा आज इसी वार्ड में सघन फागिंग तथा लार्वा नानक दवा का छिड़काव भी किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, निर्वतमान पार्षद विमल उनियाल, अनूप नौटियाल, मुख्य सफाई निरीक्षक तथा नगर निगम की टीम उपस्थित थी।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल के नेतृत्व में कई स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किये तथा छात्र-छात्राओं व आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

इन स्थानों पर हुए कार्यक्रम

1. राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, अजबपुर।
2. लक्ष्मण भारतीय विद्यालय, करनपुर।
3. सैनिक कालोनी, मोथरोवाला।
4. रिस्पना फ्लाई ओवर, देहरादून।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने उपस्थित जन समूह को कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए हमे प्रकृति से संतुलित व्यवहार करने की जरूरत है। हमें अपने आस-पास की धरा को स्वच्छ रखने के साथ-साथ नदी-नालों आदि की सफाई को भी सुधारना है। उन्होनें बच्चों से अपील की कि वह अपने जीवन में संकल्प लें कि वह कभी भी खुले में एवं नदी में कूड़ा नहीं फैकेगें तथा ना ही कभी जलाएगें। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त शान्ति प्रसाद जोशी, विद्यालयों के प्राधानाचार्यों सहित नगर निगम की टीम एवं छात्र-छात्रा तथा आमजन भी मौजूद रहें।

## सनातन धर्म पर चोट करने वालों को जरूरी है जवाब देना : महाराज

देहरादून। सनातन धर्म जो पूरे विश्व के कल्याण की बात करता है उस पर प्रहार करने वालों को जवाब देने के लिए उत्तर प्रदेश सहित अन्य स्थानों में होने वाले उपचुनावों में भाजपा को जीता कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हमें और अधिक ताकत देनी है। उक्त बात प्रदेश पर्यटन, धर्मस्य एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को अयोध्या के मिल्कीपुर स्थित विद्या मंदिर डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित सद्भावना सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि यह सद्भावना सम्मेलन इसलिए हो रहा है कि आज हमें अपने परिवार, गांव, शहर, जनपद, राज्य और अपने देश में सद्भावना चाहिए, ताकि सभी लोग सदभाव के साथ मिलजुल कर रहें। लेकिन यह तभी संभव है जब पूरे विश्व का कल्याण चाहने वाले सनातन धर्म पर चोट करने वालों को लोकतांत्रिक ढंग से जवाब दिया जाए। सद्भावना सम्मेलन में शिरकत करते हुए उत्तर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सतपाल महाराज ने समाज को जोड़ने की बुनियाद रखी, लेकिन कुछ लोग उसे तोड़ने का काम कर रहे हैं। अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शक्तियां हमारे सनातन धर्म पर आघात कर रही हैं। भारतीय संस्कृति और परंपराओं पर चोट पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। ऐसी परिस्थितियों में सतपाल महाराज सद्भावना सम्मेलन के जरिए धर्म की स्थापना का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की जनता की ओर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण प्रताप पांडे सहित महाराज को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## यूरोपीय देश नीदरलैंड में आयुर्वेद पर व्याख्यान देंगे डा. श्रीवास्तव

ऋषिकेश। 10 सिंतबर को नीदरलैंड के बेल्जियम में आयोजित यूरोपीय आयुर्वेदिक कार्यशाला आयोजित होगी। जिसमें ऋषिकेश निवासी अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. डीके श्रीवास्तव शिरकत करेंगे। रविवार को डॉ. डीके श्रीवास्तव नीदरलैंड के लिए रवाना हुए। रवानगी से पूर्व उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा सिर्फ़ भारत तक सीमित नहीं है। इसकी पहुंच वैश्विक स्तर पर फैल चुकी है। आज, आयुर्वेद का अभ्यास संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और एशिया सहित कई देशों में किया जाता है। इसने वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में लोकप्रियता हासिल की है जो इलाज के साथ ही रोकथाम पर ज़ोर देती है। आयुर्वेद की प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति को पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही देशों में मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में तेज़ी से शामिल किया जा रहा है। कहा कि बेल्जियम में आयोजित कार्यशाला 10 से 28 सितंबर तक चलेगी। जिसमें उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। यूरोपीय देशों में आयुर्वेद से चिकित्सा लाभ हेतु काफ़ी जिज्ञासा वहाँ के नागरिकों में तीव्रता से प्रचलित हो रही है। उन्हें बीते 17 सालों से आयुर्वेद विज्ञान के प्रचार प्रसार एवं चिकित्सा हेतु वहां विभिन्न संथाओं द्वारा आमंत्रित किया जाता रहा है। कहा कि अमेरिका और यूरोप में कई मेडिकल स्कूल और अस्पताल अब आयुर्वेद पर पाठ्यक्रम चला रहे हैं और इसे अपनी उपचार योजनाओं में शामिल कर रहे हैं।

## श्रद्धालुओं ने गणेश पूजा कर सुख समृद्धि मांगी

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। विभिन्न मंदिरों और घरों में गणेश प्रतिमा की स्थापना कर पूजा शुरू की गई है। रविवार को मंदिरों में गणेश पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। ऋषिकेश में गणेश महोत्सव के तहत मंदिरों की सजावट की गई है। गणेश महोत्सव के तहत गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना श्रद्धालु कर रहे हैं। रविवार को त्रिवेणी घाट पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर पंडाल लगाकर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। यहां पंडित भानू मिश्रा के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने गणेश पूजन किया। भानू मिश्रा ने कहा कि गणेश चतुर्थी पर सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योगा का संयोग रहता है। पूजा अनुष्ठान और धर्म कर्म के कार्य के लिए यह अति शुभ समय माना जाता है। शाम के समय महोत्सव स्थल पर भजन संध्या हुई। जिसमें गणेश भजनों से पंडाल में उपस्थित लोग झूम उठे। उधर गोपाल मंदिर में भी गणेश पूजन श्रद्धालुओं ने किया।

स्वच्छता अभियान चलाया : एम्स ऋषिकेश के कार्डियोलोजिस्ट विभाग ने गणेश उत्सव पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसके तहत एम्स के चिकित्सकों और मेडिकल स्टूडेंट ने एम्स परिसर से लेकर आस्था पथ तक साफ सफाई की। कार्यक्रम में पहुंची निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि गणेश महोत्सव पर स्वच्छता संदेश देना वाकई शानदार पहल है। मौके पर विभाग की प्रमुख डॉ. भानु दुग्गल, सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियवंदना, डॉ. श्रीलाय महंती, डॉ. विजय, डॉ. अनिरुद्ध, डॉ. सतीश, डॉ. रूपेन्द्र, डॉ. कणिका, डॉ. किशन, डॉ. आकाश, डॉ. रूपिंदर कौर, जितेंद्र, राजकुमारी जुगलान, विजय लक्ष्मी भट्ट, असर्फी रणावत आदि उपस्थित रहे।

## गांजा तस्करी में आरोपी गिरफ्तारी

ऋषिकेश। नशा तस्करी में संलिप्त एक युवक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाशी में पुलिस को दो किलो 600 ग्राम गांजा मिला है। पूछताछ में आरोपी की पहचान राम अवतार उर्फ पंजाबी निवासी गुमानीवाला, ऋषिकेश के रूप में हुई है। कोतवाल राजेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि आरोपी को मनसा देवी फाटक के पास पकड़ा गया है। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## डिबेट में वंशिका और गायन में अवंत रहे अव्वल

ऋषिकेश। ओमकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के नौ दिवसीय रजत जयंती महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें 14 विद्यालयों के 130 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। डिबेट में वंशिका और एकल गायन में अवंत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुनिकीरेती स्थित ओआईएमटी में आयोजित सिल्वर जुबली महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार राठी ने किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों को प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलता है और उनके अंदर का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समय की आवश्यकता और चुनौतियाँ विषय पर आयोजित डिबेट प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल रायवाला की वंशिका ने प्रथम, आश्वि ने द्वितीय, स्वामी दयानंद सरस्वती पब्लिक स्कूल की अंजलि गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन में एनडीएस के छात्र अवंत सिंह, मॉर्डन स्कूल के गौरव खंडूरी, टीएचडीसी हाई स्कूल की मुस्कान धीमान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में संस्कार सृजन स्कूल की शांति ने प्रथम, पूर्णानंद पब्लिक स्कूल की आकृति शर्मा ने द्वितीय व संस्कार सृजन स्कूल की मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में स्वामी दयानंद सरस्वती स्कूल के गगनदीप एवं कृष्णा यादव प्रथम रहे। टीएचडीसी हाई स्कूल प्रगति पुरम की अंजलि और तान्या ने द्वितीय और निर्मल ज्ञानदीप अकादमी की शिवानी भट्ट एवं सलोनी राजभर ने तृतीय स्थान पर प्राप्त किया। रंगोली में स्वामी दयानंद सरस्वती स्कूल ने प्रथम, टीएचडीसी हाई स्कूल ने द्वितीय और संस्कार सृजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस में स्वामी दयानंद स्कूल, संस्कार सृजन स्कूल, सामूहिक गायन में स्वामी दयानन्द सरस्वती स्कूल, श्री भरत मंदिर पब्लिक स्कूल ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर अलका गुप्ता, गीता गुप्ता, सुमन गांधी, डॉ. गंगोत्री रावत, प्रमोद उनियाल, डॉ. विकास गैरोला, डॉ. राजेश मनचंदा, डॉ. अम्रपाली भंडारी, अभिषेक बडोनी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में विभिन्न स्थानों पर ली हिमालय प्रतिज्ञा

पौड़ी। हिमालय बचाओ अभियान के तहत रविवार को पौड़ी में पुलिस जवानों ,कांग्रेस कार्यकर्ताओं, हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी भरसार, क्यूकालेश्वर स्कूल में छात्रों और संत निरंकारी सत्संग भवन में लोगों ने हिमालय प्रतिज्ञा की। जबकि इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों ने भी हिमालय प्रतिज्ञा की। पौड़ी के एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने हिमालय प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर करते हुए हिन्दुस्तान की इस पहल की सराहना की। कहा कि पर्यावरण को बचाना आज की सबसे बड़ी चुनौती में शामिल है। हर व्यक्ति को साफ पानी और स्वच्छ हवा की जरूरत है। पौड़ी पुलिस लाइन में आरआई जेएस पंवार ने पुलिस जवानों को हिमालय प्रतिज्ञा करवाई। सतपुली थाने में भी पुलिस जवानों ने हिमालय प्रतिज्ञा की। भरसार में छात्रों ने हिमालय प्रतिज्ञा करते हुए इसके संरक्षण का संकल्प लिया। कांग्रेस दफ्तर में पार्टी जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को हिमालय प्रतिज्ञा करवाई।

### प्रदेश के राजकीय महाविद्यालय को मिले हिंदी के 29 असि. प्रोफेसर

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय चयन 2021 के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी के रिक्त 33 पदों पर सीधी भर्ती के लिए दिसंबर 2021 में विज्ञापन जारी किया था। असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के एपीआई स्कोर के आधार पर शॉर्ट लिस्टिंग परिणाम 13 अप्रैल 2022 को घोषित किए गए थे। अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र के लिए किए गए दावों के आधार पर प्राप्त अभिलेखों के क्रम में योग्य अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 12, 13, 14 और 15 मार्च को आयोजित किए गए थे। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी के रिक्त पदों पर चयन परिणाम जारी करते हुए बताया कि साक्षात्कार के आधार पर योग्यता और श्रेष्ठ क्रम में सफल अभ्यर्थियों का चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के रोल नंबर और नाम की सूची आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### इमरजेंसी फिल्म के खिलाफ सिक्ख समाज ने किया विरोध

हरिद्वार। कमेटी अध्यक्ष सुब्बा सिंह ढिल्लो ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर आरोप लगाया। कहा कि फिल्म इमरजेंसी को सिनेमा घरों में तब तक नहीं लगने देंगे जब तक कि फिल्म से आपत्तिजनक दृश्य नहीं हटाए जाते। आरोप लगाया कि फिल्म के ट्रेलर में सिखों की छवि को धूमिल किए का प्रयास किया गया। सचिव अनूप सिंह सिद्धू ने कि कंगना रनौत को सिखों की भावनाओं को आहत करने और नकारात्मक छवि दिखाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। बताया कि 14 अगस्त को जैसे ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुए तो विवाद शुरू हो गया और देशभर में अलग-अलग अदालतों में याचिका दाखिल की गईं और कई लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते छह सितंबर को भी फिल्म की रिलीज टाल दी गई है और सेंसर बोर्ड ने फिल्म से विवादित सीन को हटाने का निर्देश दिया है।

### बढ़ते अपराध को लेकर उक्रांद ने दिया धरना

हरिद्वार। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत और उक्रांद व्यापार प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष सुमित अरोड़ा ने कहा कि एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस डकैती का खुलासा नहीं कर पाई है। दिन दहाड़े कैती की वारदात से शहर में डर का माहौल बना हुआ है। कहा कि व्यापारी कई प्रकार के करों का भुगतान कर अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। लेकिन पुलिस व्यापारियों के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने में विफल हो रही है। पुलिस जल्द से जल्द डकैती डालने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजे और पीड़ित व्यापारी को मुआवजा देकर नुकसान की भरपाई करे। सरिता पुरोहित और रविंद्र वशिष्ठ ने कहा कि लगातार बढ़ रही आपराधिक वारदातों के चलते समाज का प्रत्येक वर्ग भयभीत है।

### शहर में लूट के नाम पर हो रही राजनीतिः संजीव चौधरी

हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने प्रेस को जारी एक बयान मे कहा है कि शहर में डकैती के नाम पर अब राजनीति शुरू हो गई है। पुलिस जहां अपना काम कर रही है, वहीं कुछ लोग बेवजह राजनीति कर रही है। पुलिस ने कई टीम बना कर बदमाशों की धर पकड़ में जुटी है। घटना पर सियासत नहीं होनी चाहिए।